हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा







संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि विधायक द्वय प्रेमचंद पटेल, फूल सिंह राठिया, महापौर संजू देवी, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) मनोज चौहान।

## हरिभूमि एवं आईएनएच का संवाद 2026 कार्यक्रम

# हार-जीत बड़ी बात नहीं, विकास पिछड़ाः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

हरिभूमि व आईएनएच जिला संवाद कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से पूछा कि चुनाव हारने के बाद दो साल कैसे गुजरे। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नये साल में आप ने अच्छी बात कही कि दो साल कैसे बीते, हम पहले और बाद में कोई अंतर नहीं समझते। अभी पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 87 मौत को 37 तक ले आये अगर ऐसा है तो शून्य क्यों नहीं कर लिया गया। दो वर्षों में मैंने पट्टा वितरण के अलावा पारिवारिक कार्य किये। सोनालिया, ओवरब्रिज हमने स्वीकृत किया पर काम शुरु नहीं हो सका। भाजपा सरकार ने भी स्वीकृत किया और मकान भी तोड़ दिया। बावजूद इसके अब तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हो सका। कुल मिलाकर दो साल का कार्यकाल बोगस रहा। प्रशासनिक अधिकारियों से टकराव के सवाल पर उन्होंने कहा कि बालको प्रबंधन ठेले गुमटियों को हटा रहा है जिसमें मंत्री की भी मौन स्वीकृति है। हम सड़क तक की लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस शासनकाल के दौरान हमने मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, सेंट्रल स्कूल, आत्मानंद स्कूल का निर्माण किया। एसईसीएल से 30 करोड़ की राशि दिलवाई। पूरे प्रदेश में कोई विधायक या मंत्री ऐसा नहीं जिसने केंद्र की संस्था से इतनी बड़ी राशि दिलवाई हो। पैसा कलेक्ट्रेट में जमा है इसके बाद भी काम शुरु नहीं हुआ और निविदा तक नहीं निकाली जा सकी। अधिग्रहण का काम नहीं हुआ है, सोनालिया पुल जिस दिन कटेगा महापौर शहर में प्रवेश नहीं कर पाएगी। बीजेपी से ऐसी क्या सेटिंग है कि केंद्रीय संस्था से 30 करोड़ की राशि स्वीकृत करा लिए ? इस सवाल पर श्री अग्रवाल ने कहा कि हम जीएम या सीएमडी से नहीं मिलते और न किसी तरह के लालच में आते हैं इसलिए फंड जारी करा लिये। ट्रिपल इंजन की सरकार होने के शेष पेज 2 पर



### विस्थापन रोजगार और पुनर्वास के मुद्दे उठे

संवाद कार्यक्रम के दौरान भाजपा से महापौर संजूदेवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी और कांग्रेस से रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने भी आईएनएच के नेशनल हेड शैलेष पांडेय शेष पेज 2 पर

### उद्योगपति, डॉक्टर एवं समाज सेवियों ने दिए सुझाव

संवाद कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों ने भी मंच साझा किया और जिले के विकास में कारगर साबित हो रही योजनाओं और विकास कार्यों पर अपने अपने विचार रखे। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मेला अशोक मोदी, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, सराफा संघ के अध्यक्ष रामकुमार सोनी, न्यू कोरबा अस्पताल के संचालक व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. शोभराज चंदानी, रेल विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश यादव ने जिले में हो रहे विकास कार्य व समस्याओं पर अपनी बात रखी। इस दौरान जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने कहा कि वर्षों से लंबित एल्युमिनियम पार्क का निर्माण होने से जिले के उद्योग को पंख लगेगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा साथ ही बहुत कम दर पर एल्युमिनियम सामानों का निर्माण होगा। चेंबर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन व सराफा संघ के अध्यक्ष रामकुमार सोनी ने शहर में बढ़ते यातायात के दबाव पर प्रकाश डाला। एनकेएच के संचालक डॉ. शोभराज चंदानी ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड के द्वारा मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### सवाल- जवाब के बीच आरोप- प्रत्यारोप

कार्यक्रम के दौरान आम जनता व पार्टी के पदाधिकारियों ने भी जनप्रतिनिधि व नेताओं से सवाल पूछा। इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी ने पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सवाल पूछा कि सड़क की बात हो रही है तो पहले यह बताएं कि सड़क का ठेकादार कौन है ।6 साल से सड़क क्यों नहीं बनी। इसके लिए दोषी कौन है।इस सवाल का जवाब देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि नागपुर की एसएलएस कंपनी को सड़क का काम मिला है जिसके मालिक बीजेपी के सांसद हैं। नगर निगम में सैंकड़ों ठेकेदार हैं आप भी लिस्ट जारी करो कि कौन ठेकेदार किस पार्टी का है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने सवाल पूछा कि आपके दो साल कैसे कटे।रमन ने शाबासी दी कि आपकी कोई शिकायत नहीं मिली फिर सत्ता बदली तो बदलापुर की राजनीति कैसे शुरु हो गई । सवाल पर श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार में हमारे साथी जेल गये और एजेंटी करने वाले बीजेपी के लोग थे। निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन से सवाल पूछा कि चुनाव के दौरान आप ने वायदा किया था कि लोगों को खसरा व बी 1 नंबर के साथ स्थायी पट्टा दिया जाएगा इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पट्टा का हमने वायदा किया है हम जरुर देंगे। कांग्रेस ने अस्थायी पट्टा दिया जिसको हमने स्थायी किया।

## ट्रैफिक, ओवरब्रिज, सड़क चौड़ीकरण पर होगा कामः कलेक्टर

संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत से सवाल पूछा कि कोरबा छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण जिला है पर जितना महत्वपूर्ण है उतना चर्चित नहीं है।स्थानांतरण के बाद कैसा महसूस कर रहे हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बड़ी जिम्मेदारी है ऊर्जा धानी है बड़े उद्योग संचालित हैं कार्य करने और सीखने का मौका मिलेगा। जिले में 3 हफ्ते कैसे गुजरे ? उन्होंने कहा कि जिले की भौतिक भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेकर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से मुख्यालय तक निरीक्षक को दौरा किया है। निश्चित रूप से उत्साह बरकरार है। कोरबा के लोग कोरबा में रहते हुए आशाएं क्यों महसूस करते हैं? कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स से चर्चा कर यातायात का दबाव काम करने का प्रयास किया जा रहा है। कटघोरा दर्री कोरबा सड़क मार्ग का निरीक्षण कर रूपरेखा तैयार की गई है। उद्योगों को लेकर काम कर रहे हैं । सड़क चौड़ीकरण को लेकर काम करने की जरूरत है। इस पर प्रयास शुरू किया गया है। शहर को बाईपास के जरिए ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि काम जारी है नेशनल ट्रैफिक को डाइवर्ट कर यातायात का दबाव काम करेंगेव निगम भी इस पर कार्य कर रहा है। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर भी काम जारी है।

## अपराधियों के मन में पुलिस का भय होना चाहिएः एसपी

डॉ.द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी से पूछा कि अपराधियों को संरक्षण मिलने की बात कही जा रही है ।इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में पुलिस का भय होना चाहिए। मुझे नहीं मालूम प्रभावशाली क्या कहते हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश हैं कि कोरबा को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाए। उद्योग होने की वजह से कई राज्यों से लोग। यहां पर काम करते हैं जिसकी वजह से अपराध की ज्यादा संभावना बढ़ जाती है। बड़े पैमाने पर कोयला डीजल स्क्रैप की चोरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं यह कहूँगा कि कोयला चोरी कबाड़ चोरी डीजल चोरी शून्य है तो गलत होगा। पर यह सच है कि पुलिस का संरक्षण नहीं है। इस तरह का मामला सामने आने पर 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया ह खदान क्षेत्र बड़ा एरिया है खदान क्षेत्र चोरी पर लगाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### पाली महोत्सव की तैयारी हेतु विभाग प्रमुखों की बैठक 20 को

**कोरबा।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन पाली महोत्सव ग्राउंड केराझरिया में किया जायेगा। पाली महोत्सव की आवश्यक तैयारी हेतु जिले के सर्व विभाग प्रमुखों की बैठक 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### जनप्रतिनिधियों व सार्वजनिक उपक्रमों की बैठक 22 को

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन पाली महोत्सव ग्राउंड केराझरिया में किया जायेगा। पाली महोत्सव की आवश्यक तैयारी हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है। इसी तरह आवश्यक तैयारी हेतु जिले के सार्वजनिक/उपक्रमों की आवश्यक बैठक 22 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई ह

### प्राक्चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी

**कोरबा।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थी जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु इच्छुक हैं से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। जिसकी प्राक्चयन परीक्षा गत 28 दिसंबर को आयोजित कर मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड की गई है।

### मानदेय वृद्धि पर कोरबा में रसोइयों के आंदोलन की रणनीति पर महाबैठक कल



**कोरबा।** श्रीमती सुनीता मिरी जिला अध्यक्ष मध्यान भोजन रसोइया संघ कोरबा ने बताया कि दिसंबर माह में सभी जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक किया और उस बैठक में यह निर्णय लिए कि जनवरी 2026 में 18 जनवरी को समय सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार के पास महाराणा प्रताप चौक आदिवासी भवन कोरबा में जिला स्तरीय बैठक रखा गया है। जिसमें जिले के सभी रसोईयों को उपस्थित होने अनुरोध किया है। सुनीता मिरी ने बताया कि मोदी की गारंटी में सरकार ने स्पष्ट कहा है कि सभी रसोईयों का मानदेय 50 प्रतिशत वृद्धि करेंगे लेकिन सरकार का 2 साल पूरा हो गया परंतु हमारी मांग आज भी अधूरा है। इसलिए जिले और प्रदेश के सभी रसोईया सरकार से नाराज है। अगर सरकार जल्द 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि नहीं करती है तो आगामी समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा उसके संबंध में कोई ठोस निर्णय लेने और आगामी रणनीति पर चर्चा हेतु जिला के सभी रसोईयों का जिला स्तरीय बैठक रखा गया है ताकि इस बैठक में सभी के विचारों को सुन जा सके और सामूहिक रूप से ठोस रणनीति पर निर्णय लिया जा सके। इस बैठक में तय होगा कि आगामी दिनों कब क्या क्या कार्यक्रम होगी इसलिए जिले के सभी रसोईयों की उपस्थिति अनिवार्य हेतु अनुरोध किया है।

### राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मिश्रा ने बढ़ाया जिले का मान



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर सॉफ्टबॉल दल ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में कोरबा जिले के खिलाड़ी रामानंद मिश्रा की अहम भूमिका रही। उनका इस दल का हिस्सा होना पूरे कुसमुंडा एवं कोरबा जिले के लिए गर्व का विषय है। रामानंद मिश्रा जिले से राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल में पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी इस सफलता ने जिले के उभरते खिलाड़ियों को नई प्रेरणा दी है और खेल के क्षेत्र में कुसमुंडा जिला कोरबा की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर मजबूत किया है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर रामानंद ने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, जिला खेल संघ और स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल दल के सभी खिलाड़ियों, कोच एवं मैनेजर की मेहनत और टीम भावना की भी सर्वत्र सराहना की जा रही है, जिनके संयुक्त प्रयास से यह सफलता संभव हो सकी। इस मौके पर तेजस कुसमुंडा प्राचार्य लक्ष्मीकांत साहू एवं व्यायाम शिक्षक मानस केशरवानी ने खिलाड़ी को बधाई दी इस खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह सफलता आने वाले समय में प्रदेश और जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पारिवारिक संस्कारों का दिया संदेश

# सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी में मातृ संगोष्ठी एवं शिशु नगरी का आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा पूर्व में मातृ संगोष्ठी एवं शिशु नगरी का भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकुमार देवांगन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक सोनी एवं संजय कुमार देवांगन (प्रधानाचार्य, पूर्व माध्यमिक) उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मातृशक्ति की भूमिका को बाल संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में माता का योगदान सबसे निर्णायक होता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने आकर्षक नृत्य, गीत एवं लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से पारिवारिक वातावरण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारों का संदेश दिया। बच्चों की सहज एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित माताओं एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कुल 220 मातृशक्तियों की सहभागिता रही। माताओं ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, संस्कार आधारित शिक्षा एवं गतिविधियों की सराहना की। शिशु नगरी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं एवं सहयोगी संस्थाओं की जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, कौशल निर्माण, संस्कार शिक्षा एवं व्यवहारिक ज्ञान को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। अभिभावक बंधुओं के सहयोग से आनंद मेले का भी आयोजन किया गया।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

शहर के स्टार किड्ज़ इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला अभियोजन अधिकारी नंद कुमार पटेल व विशेष अतिथि सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वाईआर जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे नर्सरी से रचित शर्मा, केजी-1 से अवनीश पाण्डेय, केजी-2 से अनुमान, कक्षा-1 से शिवाश, सताक्षी, सुनैना, मान्या, मेघा, भाग्य श्री, उपासना, दिव्याश, रियांश, ओमप्रकाश समेत अन्य सभी विजेता छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय की डायरेक्टर इंदु कश्यप ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों के आत्मविश्वास व व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल वंदना आदित्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।



## श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल ने धूमधाम से 20वां स्थापना दिवस



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती महिला मंडल सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रद्धा महिला मण्डल (एसईसीएल) बिलासपुर द्वारा 20वें स्थापना दिवस का आयोजन वसंत क्लब, एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी में किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की समितियों से लगभग 2सौ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपाध्यक्षा श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा श्रद्धा महिला मण्डल की वार्षिक पत्रिका श्रद्धा संगिनी का विधिवत विमोचन किया गया। अपने संबोधन में श्रीमती शशि दुहन ने कहा कि श्रद्धा महिला मण्डल की बीस वर्षों की यह यात्रा सेवा, समर्पण एवं महिलाओं के सामाजिक उत्थान की प्रेरक यात्रा रही है। उन्होंने मण्डल के सभी वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी लगन, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयास के साथ समाज विशेषकर महिलाओं के कल्याण हेतु कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मण्डल द्वारा मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों पर्यावरण संरक्षण, स्वरोजगार, कौशल विकास, शिक्षा, महिला स्वावलंबन, स्वच्छता आदि की विस्तृत जानकारी साझा गया। कार्यक्रम में प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# यातायात दबाव कम करने हेतु प्रस्तावित सड़कों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



अधिकारियों से जानकारी लेते कलेक्टर।

**खास बातें**

- पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
- बेलगिरीनाला ढेंगुरनाला पुल और ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दर्री से बरमपुर तक प्रस्तावित सड़क मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि मार्ग के निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा।

कलेक्टर श्री दुदावत ने डीएमएफ अंतर्गत बनने वाले दर्री डेम मार्ग-ध्यानचंद चौक से बालको के बजरंग चौक तक का भी निरीक्षण किया और आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने बेलगिरी-ढेंगुरनाला पुल के मरम्मत कार्य के लिए शीघ्र निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। भुलसीडीह स्थित स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने बरबसपुर में प्रस्तावित नवीन ट्रांसपोर्ट नगर स्थल का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पांडे, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा तथा एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे,पीडब्ल्यूडी और निगम के इंजीनियर उपस्थित रहे।

# महापौर ने 291 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेती महापौर।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बी.एल.सी. घटक के 291 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। इस अवसर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व सभापति व वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, अब्दुल रहमान आदि ने भी हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए। महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समयसीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह हितग्राहियों को दी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 3582 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 291 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व 632 हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा हितग्राहियों को प्रदान किए गए थे। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछडे. लोगों के उत्थान के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की हैं, इन योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आप किसी की बातों से भ्रमित न हो, यदि आपसे कोई रूपये पैसे की मांग करता है और किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी बातों में आए बिना तुरंत अपने वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारियों से संपर्क करें, आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

# जिला पंचायत के लेखा अधिकारी को स्थानांतरण पर दी गई विदाई



विदाई देते सीईओ एवं कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत कोरबा के लेखा अधिकारी सुबीर भट्टाचार्य की पदोन्नति एवं स्थानांतरण के अवसर पर गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने श्री भट्टाचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ श्री नाग ने कहा कि सुबीर भट्टाचार्य जिला पंचायत परिवार के अभिन्न सदस्य रहे हैं। वे लेखा कार्यों के कुशल जानकार, अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं, जिनकी सेवाओं से जिला पंचायत कार्यालय को निरंतर लाभ मिला है। उन्होंने श्री भट्टाचार्य के वरिष्ठ लेखाधिकारी पद पर पदोन्नत होने तथा उनके गृह नगर रायपुर में स्थानांतरण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री भट्टाचार्य के साथ कार्य करते हुए प्राप्त सुखद अनुभवों को साझा किया तथा उनके सरल स्वभाव और कार्यकुशलता की सराहना की। सुबीर भट्टाचार्य ने कहा कि जिले में उनका कार्यकाल अत्यंत सुखद एवं यादगार रहा है। उन्होंने जिला पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनपद पंचायत के सीईओ व स्टाफ के सहयोगात्मक कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पदोन्नति के साथ कोरबा से अविस्मरणीय स्मृतियां लेकर जा रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा जनपद पंचायतों के सीईओ उपस्थित रहे।

### प्रधानपाठक हुए सेवानिवृत्त, संकुल केंद्र हरदीबाजार ने सम्मान कर दी विदाई



**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुपेतपारा के प्रधान पाठक ज्योति प्रकाश तिवारी शिक्षा विभाग में 42 वर्ष सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्ति हुए। इस अवसर पर संकुल केंद्र हरदीबाजार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सेवानिवृत्ति अतिथि नोडल प्राचार्य, संकुल समन्वयक द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक ज्योति प्रकाश तिवारी का संकुल केंद्र हरदीबाजार के नोडल प्राचार्य डॉ स्वाति सिंह तिर्की समन्वयक तरुण डिक्सेना, सभी प्रधानपाठक शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ज्योति प्रकाश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शशि तिवारी भी उपस्थित थी। श्रीमती शशि तिवारी का स्वागत संकुल के नोडल प्राचार्य डॉक्टर स्वाति तिर्की एवं संकुल के प्रधान पाठक द्वारा स्वागत किया गया। ज्योति प्रकाश तिवारी को संकुल परिवार के तरफ से श्रीफल, साल एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया और उनके स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना किया गया।

# बोईदा विद्यालय में निशुल्क साइकिल वितरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में कक्षा 9वीं के समस्त छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की प्रमुख निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत सायकिल वितरण किया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन व बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है व शिक्षा ग्रहण करने हेतु आसानी हो व मजबूत करना है उनको आने-जाने में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो पढ़ाई लिखाई में किसी भी प्रकार का बाधा ना हो इस उद्देश्य से इस योजना के अंतर्गत सभी छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान किया जाता है जिसके मुख्य अतिथि दुष्यंत शर्मा विधायक प्रतिनिधि व एसएमडीसी अध्यक्ष ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है एवं उनका हर संभव सहायता पहुंचा कर सहयोग प्रदान करना है इसलिए पूरे राज्य में इस योजना के तहत निःशुल्क साइकिल प्रदान किया जाता है संजय राज सरपंच बोईदा ने सभी बेटियों को शुभकामना संदेश देते हुए अच्छा पढ़ लिखकर अपने मां-बाप गुरुजन एवं गांव का नाम रोशन करने की बात कही। मनोज चौबे जिलाध्यक्ष ने सभी छात्राओं को शुभकामना संदेश दिया प्राचार्या पूनम दुबे ने अतिथियों का आभार प्रकट कर सभी छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामना संदेश दिया। इस अवसर पर दुष्यंत शर्मा विधायक प्रतिनिधि व एसएमडीसी अध्यक्ष,संजय राज सरपंच बोईदा,मनोज कुमार चौबे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा,सत्य प्रकाश खांडेकर संकुल समन्वयक बोईदा,शंकर कंवर मुरली सरपंच,चित्रपाल श्रीवास जनपद प्रतिनिधि बोईदा आदि शामिल रहे।

## सिद्धिविनायक अस्पताल, विकृत पैर की जटिल सर्जरी सफल



**कोरबा।** सिद्धिविनायक अस्पताल कोसाबाड़ी में 22 वर्षीय युवक उमेश कुमार निवासीः ग्राम फतेहगंज के पैरों की गंभीर विकृति की एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। मरीज पिछले 15 वर्षों से पैरों की विकृति से पीड़ित था, जिसके कारण उसे चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। उसने विभिन्न चिकित्सकों से परामर्श लिया, किंतु अपेक्षित लाभ नहीं मिला। अंततः मरीज ने सिद्धिविनायक अस्पताल में डॉ. शतदल नाथ से परामर्श किया। विस्तृत जांच एवं आकलन के बाद डॉ. नाथ ने पाया कि पैर की विकृति विभिन्न प्लेन्स में तथा पैर के अलग-अलग जोड़ों को प्रभावित कर रही है। स्थिति की जटिलता को देखते हुए एक सुव्यवस्थित सर्जिकल योजना बनाई गई, जिसमें पैर के विभिन्न जोड़ों पर क्रमिक रूप से विकृति सुधार की प्रक्रियाएं शामिल थीं। सर्जरी को निर्धारित योजना के अनुसार सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक है और उसके चलने की क्षमता में सुधार की दिशा में सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. शतदल नाथ ने सर्जरी की सफलता का श्रेय पूरी मेडिकल टीम के समर्पित प्रयासों को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क का परिणाम है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हार-जीत बड़ी नहीं...

बाद भी कोई काम नहीं करा पा रहे हैं। दर्री से परसाभांठा तक सड़क बनवाने के लिए 20 करोड़ डीएमएफ से स्वीकृत किया गया। यह पैसा भूविस्थापितों पर खर्च होना चाहिए पर नहीं हुआ। भूविस्थापितों को फर्जी एफआईआर कर फंसाया जा रहा है। यही वजह है कि महिलाओं को मजबूरी में अर्द्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। आपकी बात पर सत्यतता है तो जनता को नजर क्यों नहीं आया? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हार जीत कोई बड़ी बात नहीं है, मैंने कोई आरोप नहीं लगाया और हार को लेकर कोई केस भी नहीं किया है। कई बड़े राष्ट्रीय नेता चुनाव हारे हैं यह बड़ी बात नहीं है। लखन ने कहा मैं गरीब हूं वे महल में रहते हैं, मैं झोपड़ी में रहता हूं जनता ने इस झूठ को सच मान लिया। अभी तीन साल बचे हैं चुनाव होगा तो मैं ही जीतूंगा चाहे जगदलपुर से चुनाव लड़ूं। जो कोरबा का वातावरण बना है लखन स्वयं टिकट से बाहर हो जाएंगे। हैरानी वाली बात तो यह है कि जनता को जनप्रतिनिधियों का साथ नहीं मिला। आप ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का साथ नहीं मिला तो क्या सांसद का साथ नहीं मिला के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी सांसद वर्ष 2019 का चुनाव 30 हजार वोटों से जीतीं थीं। पिछले चुनाव के दौरान आरोप लगा कि वो बाहरी हैं निष्क्रिय हैं इसके बाद भी वह और अधिक वोटों से से चुनाव जीतीं। सांसद ज्योत्सना महंत की जीत ने कांग्रेसियों की मेहनत ज्यादा थी या भाजपा की निष्क्रियता पर उन्होंने कहा कि हो सकता है कोई इधर या उधर साथ दिया हो। सरोज पांडेय बड़ी नेत्री हैं पहले महापौर फिर विधायक फिर सांसद तक का सफर तय किया है। वर्ष 2008 में विधायक बनने के दौरान मैं मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और संगठन मंत्री सौदान सिंह से मिला दस साल तक मैं विधायक रहा लेकिन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को कोई शिकायत नहीं मिली।

### विस्थापन रोजगार और...

के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा दोनों दल के जनप्रतिनिधि व नेताओं ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाये। महापौर संजूदेवी राजपूत ने राज्य सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला और एक वर्ष के भीतर निगम क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी तो वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी कहा कि कटघोरा विधानसभा में अधिकतर कोयला खदाने संचालित हैं यही वजह है कि क्षेत्र में भूविस्थापितों की समस्याएं ज्यादा हैं। विशेषकर रोजगार व पुर्नवास को लेकर भूविस्थापितों में नाराजगी व्याप्त है। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने महापौर संजूदेवी राजपूत पर हमला बोलते हुए कहा कि जितने भी विकास कार्य किए गए कांग्रेस के शासनकाल के दौरान किये गये हैं पुराने कार्यों को ही भाजपा अपना बता रही है। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। दोनों ही दलों के बीच जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवधा रामायण का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** ग्राम भांठीकुडा ग्राम पंचायत गंगदेई में सार्वजनिक अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 15 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। यह अखण्ड नवधा रामायण 15 से 24 जनवरी तक चलेगी। 25 जनवरी को हवन एवं सहस्त्रधारा होगी।

### अत्याधुनिक सैमसंग अल्ट्रासाउंड मशीन का किया गया शुभारंभ

**कोरबा।** एसईसीएल के बिलासपुर स्थित इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र में 15 जनवरी को सैमसंग की अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) मशीन वीं7 का शुभारंभ किया गया। मशीन का विधिवत पूजा-अर्चना कर कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर सीएमएस (चिकित्सा सेवाएं) डॉ. श्रुति देव मिश्रा, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. अरिहंत जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अंशुमन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि डायग्नोस्टिक सेवाओं में सोनोग्राफी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सैमसंग वी7 मशीन के स्थापित होने से अब इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र में ही पेट (एब्डॉमिनल) सोनोग्राफी, सॉफ्ट टिशू सोनोग्राफी तथा कलर डॉपलर के माध्यम से रक्त वाहिकाओं की जांच जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय पर सटीक जांच सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि सैमसंग वी7 अपनी श्रेणी की सर्वाधिक उन्नत अल्ट्रासाउंड मशीनों में से एक मानी जाती है। इसमें नवीनतम तकनीक आधारित उन्नत सॉफ्टवेयर एवं फीचर्स उपलब्ध हैं, जो सभी प्रकार की सोनोग्राफी एवं कलर डॉपलर जांच को उच्च गुणवत्ता और सटीकता के साथ संभव बनाते हैं। इस पहल से एसईसीएल द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर, त्वरित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई है।

### सर्वमंगला नगर में बह रही महाशिवपुराण कथा की ज्ञान गंगा

**कोरबा।** सर्वमंगला नगर में आयोजित हो रहे सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस का प्रसंग अत्यंत मनमोहक और भक्तिमय रहा। व्यास पीठ से आचार्य रमाकांत जी महाराज ने "शिव-पार्वती विवाह" और "अद्भुत शिव बारात" का वर्णन किया। आचार्य रमाकांत महाराज ने माता इस अद्भुत विवाह विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह केवल दो देवताओं का मिलन नहीं, बल्कि प्रकृति और पुरुष का संगम है। आचार्य जी के अनुसार, जब शिव जी की बारात निकली, तो वह ब्रह्मांड की सबसे विलक्षण और विचित्र बारात थी। जहाँ सामान्य दूल्हे रेशमी वस्त्र और आभूषण पहनते हैं, वहीं महादेव ने अपनी जटाओं में गंगा और माथे पर चंद्रमा को सजाया। शरीर पर भस्म रमी थी और गले में विषधर सर्पों के हार थे। बैल (नंदी) पर सवार होकर जब शिव जी निकले, तो उनका रूप देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। कथा के दौरान भगवान शिव की अद्भुत बारात निकाली गई।

### क्षत्रिय महासभा की समन्वय बैठक में शामिल होंगे चुलेश्वर

**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय प्रतिनिधि अधिवेशन आगामी 17 जनवरी को राजस्थान की राजधानी जयपुर (गुलाबी शहर) में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देशभर से क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और समाजसेवी शामिल होंगे।अधिवेशन दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र में महासभा की समन्वय समिति की बैठक संपन्न होगी, जबकि द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।छत्तीसगढ़ से इस राष्ट्रीय अधिवेशन में चूलेश्वर राठौर, समाज रत्न एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा (नई दिल्ली), कोरबा, तथा बालमुकुंद सिंह राठौड़, बस्तर, छत्तीसगढ़ क्षत्रिय राठौड़ समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों प्रतिनिधियों की सहभागिता को छत्तीसगढ़ के क्षत्रिय समाज के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## निधन

### विनय मिश्र



**कोरबा।** हाउसिंग बोर्ड बालको नगर के प्रतिष्ठित भागवताचार्य विनय मिश्र का 16 जनवरी की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। श्री मिश्र पिछले लंबे समय से भगवताचार्य व कथावाचक के रुप में छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में पहचाने जाते थे। 20 जनवरी को बालको सेक्टर 5 श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की जाने वाली रामकथा में श्री मिश्र प्रमुख भगवताचार्य के रुप में उपस्थित होने वाले थे। उनके निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई है।

# सीएमएचओ ने कहा- अस्पताल व परिसर में रखें साफ-सफाई

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के औचक निरीक्षण में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामु.स्वा.केन्द्रों, प्रा.स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों सुदृढिकरण हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। 14 जनवरी को उनके द्वारा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिस्दी,दादरखुर्द तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) नकटीखार का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिती रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष,पीएनसी कक्ष दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष पैथोलॉजी कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष को देखे । निरीक्षण के दौरान उन्होने आवश्यक दस्तावेजों की जॉच किया तथा कमियों में आवश्यक निर्देश दिये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिस्दी में चिकित्सालय कैम्पस सहित साफ-सफाई रखने, मेडिसिन को ऑनलाईन मांगपत्र भेजने हेतु सीजीएमएससी से आईडी जेनरेट कराने, मुख्य मंत्री शासकीय अस्पतान रूपांतरण कोष से मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजने, बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निपटान की व्यवस्था करने, चिकित्सालय में बिजली मीटर लगाने,अहाता निर्माण तथा पहुच मार्ग बनाने का प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नकटीखार में अस्पताल में सामने अधिकारियों/कर्मचारियों का नाम प्रदर्शित करने, चिकित्सालय का संकेतक बोर्ड लगाने, रोजाना एनसीडी स्क्रीनिंग ऑफलाईन तथा ऑनलाईन करने, एचआरपी की लिस्ट प्रदर्शित करने, पीएमएसएमए में शतप्रतिशत क्षेत्र की एचआरपी महिलाओं की विजिट कराने बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निपटान की व्यवस्था करने ,दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ओटी की मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।

**खास बातें**

- पहुंच मार्ग निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के दिए गए निर्देश
- दस्तावेजी जांच में मिली खामियों को सुधारने कहा



## धान बेचने से वंचित किसान बेचने लगे अपना धान

# रिकार्ड सुधार का अवसर मिलने से समितियों में बढ़ गई धान की आवक



जांच पड़ताल करते राजस्व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने के कारण एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से धान बेचने से वंचित होने वाले किसानों की समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण का अवसर दिए जाने से धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ने के साथ धान की आवक एक बार फिर बढ़ गई है। अब तक 19 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है और अभी भी 15 हजार से अधिक किसान धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

धान खरीदी को लेकर राज्य शासन के द्वारा जारी किए गए नए दिशा निर्देश से किसानों के समक्ष सबसे पहले पंजीयन की समस्या खड़ी हुई। नए नियम के मुताबिक सरकार के एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के बाद ही किसानों का समिति में पंजीयन होगा और वही किसान धान बेच सकेंगे। परिणाम स्वरुप इस नए निर्देश से किसान तकनीकी पेंच में फंस गए और पंजीयन से वंचित होने लगे। इस मुद्दे को लेकर जब विरोध के स्वर मुखर हुए तब सरकार ने एग्रोटेक पोर्टल में रिकार्ड सुधार का अवसर दिया लेकिन यह अवसर भी खरीदी खत्म होने के एक माह पूर्व दिए जाने से किसानों को राहत मिली और धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ने के साथ तेजी से धान की आवक बढ़ी। सरकार आंकड़ों के अनुसार अब तक सभी उपार्जन केंद्रों से 19 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो गई है और 15 हजार से अधिक किसान अभी धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिले में इस बार 52 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है जो बीते वर्ष से 3 हजार अधिक है। इससे धान की आवक बढ़ने के साथ जिले को मिले कुल लक्ष्य 31 लाख क्विंटल की प्राप्ति भी हो जाएगी। इस दिशा पर राज्य प्रशासन के द्वारा धान खरीदी के लिए किसानों को राहत भी दी जा रही है।

### खरीदी की अंतिम तिथि नजदीक आते ही हो रही जांच

जैसे जैसे धान खरीदी की अंतिम तिथि नजदीक आते जा रही है। सभी सहकारी समितियों में प्रशासन के द्वारा अधिकारियों की तैनाती कर समिति में आ रहे धान की जांच भी करा रहे हैं। जिसमें पुराने धान की जांच प्रमुखता से शामिल है। अधिकारियों के निरीक्षण में कुछ समितियों में खरीदी के दौरान अनियमितता मिलने की जानकारी मिलने के बाद धान वापस भी कराए गए हैं। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहकारिता निरीक्षक, कृषि विस्तार अधिकारियों की टीम सभी समितियों की जांच कर रही है।

### उठाव बंद होने की खबर

सहकारी समितियों में धान की ज्यादा आवक होने और अपेक्षाकृत धीमी गति से उठाव होने के कारण जाम की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भर में धान का लोडिंग काम बंद किए जाने की भी जानकारी सामने आने से समिति प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है। उनका कहना है कि रिकार्ड सुधार में अवसर दिए जाने से किसानों की संख्या और आवक भी बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर धान का उठाव बंद होने से स्थितियां और भी गंभीर हो जाएंगी।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले गया था हैदराबाद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पड़ोसी जिले में निवास करने वाला एक युवक ने एक नाबालिक किशोरी को झांसे में लेकर बहला फुसलाकर अपने साथ हैदराबाद ले गया था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर पतासाजी में जुट गई है। पुलिस की टीम ने हैदराबाद में दबिश देकर किशोरी को बरामद कर उसे भागकर अपने साथ ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र में अंतर्गत एक नाबालिक किशोरी को विगत दिनों अरमान अली नैला निवासी बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस के मामले अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई थी। इस बीच पुलिस को पता चला कि पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के नैला निवासी अरमान अली ने किशोरी को अपने साथ हैदराबाद भगाकर ले गया है। सूचना पाते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर व उनकी टीम ने किशोरी को बरामद करने के लिए हैदराबाद में दबिश दी जहां किशोरी को अरमान अली के कब्जे से बरामद कर लिया गया। जब किशोरी का बयान दर्ज किया गया तब पुलिस को पता चला कि अरमान अली ने किशोरी के साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया है जिसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अरमान अली को गिरफ्तार करने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# उरगा की दो राइस मिलों में भौतिक सत्यापन 11 हजार 373 बोरी धान कम, मिलें सील



कार्रवाई करते प्रशासन के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तहसीलदार कोरबा, अतिरिक्त तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक और हल्का पटवारी की संयुक्त टीम ने उरगा स्थित बजरंग राइस मिल और धनेश राइस मिल में धान का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि बजरंग राइस मिल द्वारा वर्ष 2025-26 में 26,570 क्विंटल अर्थात 66,425 बोरी और धनेश राइस मिल द्वारा 6,080 क्विंटल अर्थात 15,200 बोरी धान का उठाव किया गया था। इस प्रकार दोनों मिलों द्वारा कुल 79,625 बोरी धान प्राप्त किया जाना दर्ज था, जबकि सत्यापन में केवल 68,252 बोरी धान ही उपलब्ध पाया गया। इस आधार पर लगभग 11,373 बोरी धान कम होने की पुष्टि हुई। अनियमितता सामने आने पर उपलब्ध धान को जब्त करते हुए संचालक के सुपुर्द कर दिया गया। नए धान का कस्टम मिलिंग कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, वहीं पुराने धान की मिलिंग कर तैयार चावल एफसीआई को जमा करने की प्रक्रिया जारी है। आगे की विस्तृत जांच पूर्ण होने तक खाद्य विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दोनों राइस मिलों को सील कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले और खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर उपस्थित रहे। इसी क्रम में 15 जनवरी को मनोकामना राइस मिल परिसर में खाद्य अधिकारी जी. एस. कंवर, तहसीलदार विष्णु पैकरा और खाद्य निरीक्षक संतोष कंवर द्वारा धान रीसाइक्लिंग के उद्देश्य से समिति के लिए भेजे जा रहे 100 कट्टी धान को ट्रैक्टर सहित जब्त किया गया और उरगा थाने को सुपुर्द कर दिया गया।

# ग्राम पंचायत गंगदेई में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगदेई में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि दामोदर राठौर पूर्व सभापति जनपद पंचायत कटघोरा एवं प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर सरपंच जागेश्वर सिंह, पूर्व सरपंच संतोष सिंह कंवर, संधन राम, राम खिलावन यादव सभी आयोजक टीम के सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में गंगदेई वर्सेस भाटीकूडा के बीच खेला गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया 16 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। जिसका 18 जनवरी को फाइनल किया जाएगा। जिसमें प्रथम विजेता को 15 हजार एवं कप द्वितीय 7 हजार रुपए एवं कप एवं बेस्ट कैचर, बेस्ट बैट्समैन, ऑलराउंडर को अलग से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दामोदर राठौर ने कहा खेल शारीरिक एवं मानसिक दोनों स्तर को ठीक रखता है एवं ग्राम के प्रतिभाओं को उजागर करने का यह उत्तम अवसर है।

# खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित कर बिचौलियों पर लगाएं रोक : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली स्थित धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में पहुंचे किसानों के धान की नमी और गुणवत्ता को स्वयं परखकर खरीदी की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्राम डोंगरीभागठा के किसान उमेंद सिंह, नारायण सिंह से संवाद भी किया। किसान ने बताया कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टोकन कटाया था और आज बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच पा रहे हैं। कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर वास्तविक एवं पात्र किसानों से ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्थिति में बिचौलियों को बढ़ावा न दिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उपार्जन केंद्र में आने वाले धान की अनिवार्य रूप से पलटी कराकर ढेरी लगाई जाए तथा नमी की जांच के बाद ही खरीदी की जाए। पुराने, अवमानक एवं अनुपयोगी धान की खरीदी पर पूर्णतः रोक रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी सजग रहें।

# महाप्रबंधक ने हरदीबाजार में किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

दीपका क्षेत्र में प्रस्तावित खदान विस्तार योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एसईसीएल ने जमीनी स्तर पर गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने 15 जनवरी गुरूवार को हरदीबाजार एवं आसपास के इलाकों में पहुंचे, जहां उन्होंने जमीन और मकानों की चल रही नापी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

खदान विस्तार के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में भूमि, आवास और अन्य परिसंपत्तियों का सर्वे युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 5 सौ से अधिक मकानों व भूखंडों की माप-जोख पूरी कर ली गई है। शेष बचे सर्वे कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परियोजना की अगली प्रक्रियाएं बिना विलंब आगे बढ़ सकें। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने सर्वे टीम के कार्यों की समीक्षा की और मौके पर मौजूद ग्रामीणों व प्रभावित परिवारों से संवाद किया। उन्होंने नापी से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी ली और प्रभावित हितग्राहियों को आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर भी ध्यान दिया। ग्रामीणों ने पुनर्वास, मुआवजा, वैकल्पिक आवास और रोजगार को लेकर अपनी अपेक्षाएं प्रबंधन के समक्ष रखीं। इस पर महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों में नियमों के तहत निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को पूरा लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खदान विस्तार से जुड़ी सभी गतिविधियों में पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन के सहयोग से सर्वे और पुनर्वास संबंधी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएंगे। एसईसीएल प्रबंधन का मानना है कि दीपका खदान विस्तार से कोयला उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

# युवती के सिर को कुचलकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका क्षेत्र के नागिन झोरखी इलाके में एक सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय रानी साहू की अज्ञात हमलावर द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका रानी साहू, पिता रामकुमार साहू, घटना के समय घर में अकेली थी।

यह वारदात उस समय हुई जब परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। शाम करीब 7 बजे जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने रानी को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अज्ञात हमलावर ने युवती के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया, जिससे सिर बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

# बीमा कंपनी देगी मृतक के परिजनों को 10 लाख से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन वर्ष पूर्व बालको क्षेत्र निवासी मिंटू यादव की पत्नी देविका की मृत्यु गैस रिसाव के कारण सिलेंडर के फटने से महिला की मौत के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने मृतका के परिजनों को 10 लाख 75 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश बीमा कंपनी को दिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिंटू यादव की पत्नी देविका की मृत्यु 11 अक्टूबर 2022 को हो गई थी। घटना की सूचना गैस एजेंसी को दिए जाने के बावजूद एजेंसी के द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई। मृतका के परिजनों के द्वारा बीमा कंपनी में भी क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए क्लेम किया गया था जिसके लिए लगातार पीड़ित पक्ष चक्कर काट रहा था। मामले को लेकर मिंटू सिंह द्वारा अपने अधिवक्ता रवि शुक्ला व लवलेश शुक्ला के माध्यम से उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के समक्ष प्रकरण दायर किया गया। सुनवाई के पश्चात मृतका के परिजनों को बीमा कंपनी को 10 लाख 75 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि देने का फैसला सुनाया गया।



## खबर संक्षेप



### भाजपा की बैठक में हुई संगठन की मजबूती और जनसेवा पर चर्चा

**कोरबा।** टीपी नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी की आगामी कार्ययोजना, संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को लेकर गहन व सार्थक चर्चा हुई। इस बैठक का नेतृत्व उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने किया। संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं जनोन्मुखी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही भाजपा के प्रस्तावित जिला कार्यालय के भूमिपूजन, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अन्य तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जो संगठन की एकजुटता और ऊर्जा का प्रतीक है।

### नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस का आयोजन 30 को

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा जिले में व्यसन मुक्त वातावरण निर्मित करने हेतु आगामी 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। संचालक समाज कल्याण संचालनालय, रायपुर के परिपालन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के समस्त नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों और स्वयंसेवी संस्थाओं में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत स्कूलों एवं कॉलेजों में नशापान के विरुद्ध व्याख्यान, चित्रकला, गीत-नृत्य, नाटक और मानव श्रृंखला जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता हेतु ग्राम पंचायतों में गठित 'भारत माता वाहिनी' एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग से वृहद रैलियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, समारोह स्थलों पर नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं नशापान नही करने सम्बंधी संकल्प व शपथ पत्र में हस्ताक्षर कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण संपन्न



**कुसमुंडा।** प्रदेश सरकार आगामी समय में नवीन शिक्षा नीति लागू करने जा रही है जिसके तारतम्य में नवीन पाठ्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु प्राथमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण राजा गुरु बालक दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुंडा में 16 जनवरी को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्य पुस्तकों में किए गए परिवर्तनों, शैक्षणिक ढांचे, बाल केंद्रित गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति से शिक्षकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा समूह कार्य, सहभागिता आधारित शिक्षण सहित अधिगम की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों ने हिंदी में वीणा, आनंद, गणित मेला, हमारा अद्भुत संसार सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से श्रीमती किरण लता शर्मा एवं श्रीमती प्रिया दुबे ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

# प्रवासी व स्थानीय परिंदों का वन विभाग करा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


घने वन से आच्छादित कोरबा और कटघोरा वन मंडल के ऐसे कई इलाके हैं जहां दूरदराज से विदेशी मेहमान आते हैं। इसके अलावा घने जंगल होने की वजह से स्थानीय परिंदों का भी बेहतर रहवास माना जाता है। वन विभाग इन परिंदों का बेहतर और रहवास तैयार किया जा सके इसके लिए वन विभाग अब इन पक्षियों का सर्वे कर रहा है ताकि आने वाले दिनों में रिपोर्ट के आधार पर उनके लिए और बेहतर कार्ययोजना बनाकर इनकी संख्या बढ़ाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल में इन दिनों वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम दूर देश थाईलैंड बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित अन्य विदेशी धरती से आने वाले प्रवासी पक्षी ओपनबिल स्टॉर्क (घोंघिल) ये सबसे प्रमुख प्रवासी पक्षी हैं जो हर साल कनकी पहुँचते हैं। ये लंबी चोंच वाले खूबसूरत पक्षी होते हैं और दक्षिण पूर्व एशिया से आते हैं, यहां इमली, बरगद और पीपल के पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं। एशियन ओपनबिल स्टॉर्क की 4-5 प्रजातियाँ और अन्य प्रकार के बगुले (जैसे ब्लैक-क्राउन नाइट हेरॉन) भी यहाँ देखे जा सकते हैं, जो प्रजनन काल में आते हैं। एशियाई बिल ओपन स्टार के सहित अन्य प्रवासी पक्षियों का हर साल कोरबा और कटघोरा वन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में आना होता है इसलिए कई दशकों से प्रवासी पक्षी कोरबा की धरती पर आते हैं। इसके अलावा कोरबा के जंगल में बड़े पैमाने पर प्रवासी पक्षी के अलावा स्थानीय पक्षियों का भी बसेरा माना जाता है। बताया जाता है कि कोरबा कटघोरा मंडल में इन दोनों वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रवासी पक्षियों के अलावा स्थानीय पक्षियों का सर्वे काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि ई-बर्ड मोबाइल ऐप के माध्यम से इनका सर्वे किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा इन सभी पक्षियों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा।

**रिपोर्ट के आधार पर बनाई जाएगी संरक्षण की कार्ययोजना**

**खास बातें**

- रिपोर्ट के आधार पर वन विभाग परिंदों के लिए तैयार करेगा कार्य योजना



**किया जा रहा सर्वे**

कटघोरा वन मंडल में प्रवासी व स्थानीय पक्षियों का ई बर्ड एप्प के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है। जानकारी सामने आने के बाद जैव विविधता का पता चल सकेगा और इन प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के लिए कार्ययोजना भी बनाई जा सकेगी।

\- कुमार निशांत
वन मंडलाधिकारी कटघोरा

## नीलकंठ कंपनी के वर्कशॉप में चल रहा था काम, पुलिस जुटी मामले की जांच में

# वर्कशॉप में कार्य के दौरान हाईड्रोलिक सिलेंडर में ब्लास्ट, एक की मौत दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुसमुंडा खदान की एक ठेका कंपनी में हाईड्रोलिक सिलेंडर फट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों का निजी चिकित्सालय में इलाज कराया गया है। घटना के बाद परिजन व लोगों में आक्रोश झलक रहा था। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है। घटना कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा की ठेका कंपनी नीलकंठ में ड्रील ऑपरेटर के पद संजय कुमार देवांगन उम्र 23 वर्ष पिता रामचरण देवांगन की हाईड्रोलिक सिलेंडर फटने से मौत हो गई वहीं घायल देवेंद्र ठाकुर व रामकेसर गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जाता है कि मशीन रिपेयरिंग के दौरान यह घटना घटी। इस घटना के विषय में प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। वही पुलिस का कहना है की मशीन रिपेयरिंग के पिस्टन बाहर निकलकर संजय के सीने पर लगा जिससे उसकी मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नीलकंठ कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को तत्काल 5 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की है। साथ ही, परिवार के भविष्य के भरण-पोषण के लिए आगे सहायता के वादे भी किए गए हैं। परिजन मृतक के शव को लेकर अपने गृह ग्राम बलरामपुर लौट चुके हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा खदान क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर करता है। मजदूर संगठनों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल, पुलिस और एसईसीएल प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हैं। वीडियो फुटेज में धमाके के बाद का भयावह मंजर साफ दिखाई दे रहा है।



जांच पड़ताल करती पुलिस।



मृतक।





घायल देवेन्द्र ठाकुर व रामकेसर

**छुट्टी के दिन काम कराया जा रहा था**

मृतक संजय देवांगन बलरामपुर के निवासी थे। वे चार बहनों के इकलौते भाई थे और पिछले तीन वर्षों से नीलकंठ कंपनी में ऑपरेटर के रूप में काम कर रहे थे। बताया जाता है कि कंपनी प्रबंधन छुट्टी के दिनों में भी उनसे मिस्त्री का अतिरिक्त काम करवाता था। संजय परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, जिनकी जिम्मेदारी बुजुर्ग माता-पिता और चार बहनों के भरण-पोषण की थी। इस हादसे से उनका परिवार पूरी तरह टूट गया है।

# पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट कर लूटपाट जुर्म दर्ज





पेट्रोल पंप जहां हुई लूटपाट की घटना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पेट्रोल पंप चैतमा में तैनात दो पंप कर्मियों के साथ बाइक सवार चार युवकों ने मारपीट व लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर पतासाजी में जुट गई है।

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजक्कमा निवासी कांशीराम टांडिया व ओमप्रकाश कश्यप ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दोनों चैतमा स्थित श्री सांई पेट्रोल पम्प में सेल्समेन का काम करते हैं। 15 जनवरी को दोनों ड्यूटी पर थे, रात्रि 8 बजे से 16 जनवरी की सुबह 10 बजे तक थी कि रात्रि लगभग 8.30 बजे दिन ड्यूटी के कर्मचारी ओमप्रकाश कश्यप एंव प्रभाकर सिंह मरकाम से पंप का चार्ज लिये और मैनेजर रामकुमार पटेल दिनभर का हिसाब पैसा लेकर चला गया। 16 जनवरी को कांशीराम और ओमप्रकाश दोनों शटर वाले कमरे में खाट पर आराम कर रहे थे। लगभग 1 बजे 2 मोटरसायकल में 2-2 व्यक्ति 30-40 वर्ष के लोग पेट्रोल पंप सामने आये और पेट्रोल पंप में शटर वाले कमरे के सामने आकर खडा किये और दो व्यक्ति कांशीराम और ओमप्रकाश के पास आकर मारपीट करने लगे और दोनों से कुल 8 हजार रुपए निकाल लिये। मामले में पुलिस अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है। बताया जाता है कि पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जिस तरह से लुटेरों ने अंजाम दिया है, इससे ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि उन्हें पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मियों के गतिविधियों के संबंध में जानकारी थी। पुलिस मामले में आरोपियों के धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई है।





पीड़ित कर्मचारी।

**खास बातें**

- चैतमा चौकी क्षेत्र के श्री साईं पेट्रोल पंप का मामला
- दो बाइक में चार लोग सवार होकर पहुंचे थे लुटेरे

# नौकरानी घर में दे रही चोरी को अंजाम सीसीटीवी कैमरा लगा तब खुला राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक घर में पिछले कई दिनों से चोरी की घटना सामने आ रही थी। मकान मालिक को उसके आभूषण नहीं मिला तो उसने चोर को पकड़ने के लिए घर में सीसीटीवी कैमरा लगा दिया और इस बीच चोरी की सारी करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ तो चोर कोई और नहीं बल्कि घर में काम करने वाली बाई निकली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खास बातें**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के कुदरीपारा का मामला

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरीपारा निवासी कमल किशोर दुबे उम्र 34 वर्ष पिता रामकुमार दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पिछले कुछ दिनों से उसके घर के आलमारी में रखे रूपये एवं गहनों की चोरी हो रही थी। कमल किशोर को 10 जनवरी को पता चला कि घर में 1 जोड़ी सोने के कान का झुमका, 1 सोने की अंगूठी एवं चांदी का आभूषण दो जोड़ी पायल, 1 बाजूबंध, 1 बिछिया, नगद राशि 70 हजार रूपये लगभग नहीं था। कमल किशोर ने अपने जेवरात को 22 दिसंबर एवं नगदी रकम को 1 जनवरी को देखा था। कमल किशोर को अपने घर की नौकरानी माना वैष्णव पर संदेह हुआ तो उन्होंने उसे पकड़ने के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया। सीसीटीवी कैमरा में जो दृश्य रिकार्ड हुआ उसे देखकर कमल किशोर और उसके परिवार के होश उड़ गये। उन्होंने देखा कि 15 जनवरी की सुबह 12 बजे घर की नौकरानी माना वैष्णव आलमारी खोलकर पर्स और लॉकर की चाबी देखी फिर पर्स निकालकर बालकनी के तरफ जाकर नगदी निकालकर वापस रख देती है, फिर आलमारी बंद कर चली जाती है, माना वैष्णव के दौरान पुनः इसी प्रकार की हरकत की गई। कमल किशोर के द्वारा वीडियो को बांकीमोंगरा पुलिस को दिखाई जिसके बाद पुलिस ने महिला आरोपी माना वैष्णव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

### कुत्ते के हमले से युवक घायल, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द नीचे मोहल्ला बजरंग चौक निवासी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जनवरी को रात्रि 8.15 बजे अनिल पटेल के घर के पास बैठा था वहां उसके साथ सत्यायादव व अनिल पटेल भी बैठे थे। तभी मनोज पटेल के पलतु कुत्ते को मनोज के छोटे भाई बबलू लेकर आया और पुरानी रंजीश को लेकर अपने पालतु कुत्ते काला रंग का था उसको प्रार्थी के तरफ छोड दिया जो बबलू का पालतु कुत्ता प्रार्थी के दाहिना हाथ व दाहिना पैर में काट दिया।

# अलग- अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया रोड पर पोड़ी घाट के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सम्मार सिंह (45 वर्ष), निवासी बोकरामुड़ी थाना पसान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सम्मार सिंह अपनी पत्नी सुखमन बाई के साथ घर आए मेहमान को छोड़ने के बाद बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पोड़ी घाट के ऊपर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पसान थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सड़क हादसे की दूसरी घटना दीपका थाना क्षेत्र के चाकाबुड़ा में घटित हुई है। बताया जाता है कि दीपका के प्रेमनगर सोमवारी निवासी रविशंकर धीवर 44 वर्ष पिता फेंकूराम धीवर गुरुवार की देर शाम अपने मोटर साइकिल में सवार होकर सब्जी बेचकर वापस अपने घर वापस आ रहा था कि चाकाबुड़ा कांटाघर के समीप पहुंचा था कि एक छोटा हाथी वाहन ने रविशंकर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।







# छत्तीसगढ़िया व्यंजनों की खुशबू से महकेगी माँई जी फाउंडेशन की बगिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को ओपन आडिटोरियम घंटाघर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू से महक उठेगा। छत्तीसगढ़ी परंपरा से सजे कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र होंगे। छत्तीसगढ़ी वेषभूषा की प्रतियोगिता के साथ मॉडलिंग शो खास होगी। माँई जी फाउंडेशन सोसायटी के आयोजन में छत्तीसगढ़ी स्वाद, परंपरा और फैशन का संगम देखने को मिलेगा।

उक्त जानकारी प्रेस क्लब तिलक में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान माँई जी फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष निधि तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि माँई जी फाउंडेशन महिलाओं द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी 18 जनवरी को सुबह 10 से रात 10 बजे तक व्यंजनों की बगिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, फरा, अइरसा, पीडिया, पपची, देहरौरी, बड़ी, बिजौरी, दही मिची आदि के स्टॉल सजेंगे। छत्तीसगढ़ी जायके के अलावा फुगड़ी, खो-खो, कुर्सी दौड़, पतंग उड़ाव प्रतियोगिता के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी वेषभूषा व व्यंजनों की थाली सजाओ प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित है। कार्यक्रमों की कड़ी में शाम 4 बजे से लोकगीत पंडवानी की प्रस्तुति पूजा दीवान द्वारा दी जाएगी। स्थानीय कलाकार छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य, सुआ, गेड़ी, करमा, ददरिया, छेरछेरा सहित अन्य मनमोहक प्रस्तुति से आयोजन में चार चांद लगाएंगे। प्रेस वार्ता में फाउंडेशन की संरक्षिका होमा खान, उपाध्यक्ष श्रद्धा बुंदेला, कोषाध्यक्ष पुष्पा तिवारी, सचिव हेमा शर्मा, महासचिव रोशनी तिवारी व मीडिया प्रभारी रूपा तिवारी की मौजूदगी रही।



पत्रकारवार्ता में उपस्थित फाउंडेशन की सदस्य।

**महिलाओं को बना रही सशक्त व स्वावलंबी**

श्रीमती तिवरी ने बताया कि फाउंडेशन महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के रस को जन जन तक पहुंचाने के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर के संवर्धन के लिए सोसायटी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सोसायटी से 350 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जिन्हें विभिन्न प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सोसायटी में ही 70 से अधिक प्रकार की सामाग्रियां निर्मित की जा रही हैं।



